THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

# QUESTION BANK [GRADE 8] CHAPTER -14

## अकबरी लोटा

**1) अकबरी लोटा' पाठ के लेखक हैं?**

(क) प्रेमचंद

(ख) कबीर दास

(ग) पालगम्मी साईनाथ

**(घ) अन्नपूर्णानन्द वर्मा**

**2) लाला झाऊलाल को किसकी कमी नहीं थी?**

(क) नौकरों की

**(ख) खाने-पीने की**

(ग) पैसों की

(घ) इनमें से कोई नही

**3) झाऊलाल के मकान के नीचे बनी दुकानों से कितना किराया आता था?**

**(क) एक सौ रुपये महीना**

(ख) पचास रुपये महीना

(ग) दो सौ रुपये महीना

(घ) डेढ सौ रुपये महीना

**4) काशी के ठठेरी बाजार में किसका मकान था?**

**(क) लाला झाऊलाल का**

(ख) बिलवासी का

(ग) झाऊलाल के भाई का

(घ) इनमें से कोई नही

**5) झाऊलाल के पानी मांगने पर जल्दबाजी में गिलास लाना कौन भूल गया?**

(क) बिलवासी

(ख) नौकर

**(ग) उनकी पत्नी**

(घ) अंग्रेज

**6) लाला झाऊलाल क्रोधित क्यों हो उठे ?**

(क) पत्नी ने बिलवासी से पैसे माँगने की बात पर

(ख) पत्नी ने अपने भतीजे से पैसे माँगने की बात पर

(ग) पत्नी ने अपने चाचा से पैसे माँगने की बात पर

**(घ) पत्नी ने अपने भाई से पैसे माँगने की बात पर**

**7) 'खुक्ख' शब्द का सही अर्थ ____________ है ।**

**(क) खाली हाथ**

(ख) खुशी

(ग) खुश्की

(घ) हाथ

**8) झाऊलाल से एक दिन एकाएक ढाई सौ रुपये की माँग की पेशकश किसने की?**

(क) बिलवासी ने

**(ख) उनकी पत्नी ने**

(ग) भतीजे ने

(घ) पड़ोसियों ने

THE INTERNAL S

**9) पाँचवें दिन घबराकर झाऊलाल ने अपनी विपदा किससे सुनाई?**

(क) बिलवासी के पत्नी से

(ख) बिलवासी के मित्र से

**(ग) बिलवासी से**

(घ) अपनी पत्नी से

**10) लाला झाऊलाल के हाथ से जब लोटा गिरा था तब वह कौन-सी मंजिल पर खड़े थे?**

(क) दूसरी मंजिल पर

(ख) चौथी मंजिल पर

**(ग) तीसरी मंजिल पर**

(घ) पाँचवीं मंजिल पर

**11) 'हेंकड़ी' शब्द का क्या अर्थ है ?**

(क) पकड़

(ख) नकड़

**(ग) अकड़**

(घ) सकड़

**12) झाऊलाल मुश्किल से दो-एक घूँट पी पाए होंगे कि न जाने कैसे उनका हाथ हिल उठा और ______।**

(क) गिलास छूट गया

**(ख) लोटा छूट गया**

(ग) हाथ से पानी गिर गया

(घ) इनमें से कोई नहीं

THE VIL... LEARN... SCHOO...

13) **झाऊलाल ने देखा कि इस भीड़ में प्रधान पात्र ______है।**

**(क) एक अंग्रेज़**

(ख) बिलवासी

(ग) एक ड्राइवर

(घ) एक दुकानदार

14) **बिलवासी जी ने भीड़ को आंगन से बाहर क्यों निकाल दिया?**

(क) ताकि अंग्रेज की बातें कोई न सुन सके

(ख) ताकि वे लोटे को खरीद सके

**(ग) ताकि वे अंग्रेज से शांतिपूर्वक बात कर सके**

(घ) ताकि अंग्रेज को बहला-फुसला सके

15) **बिलवासी जी ने अंग्रेज को कुर्सी पर बैठने को क्यों कहा?**

**(क) गुस्सा शांत करने के लिए**

(ख) चोट लगने के कारण

(ग) बडे साहब होने के कारण

(घ) सम्मान देने के लिए

16) **ब्राहमण से अकबर ने यह लोटा किसके बदले लिया?**

(क) दस चाँदी के सिक्के के बदले

**(ख) दस सोने के लोटे के बदले**

(ग) दस चाँदी के लोटे के बदले

(घ) दस सोने के सिक्के के बदले

17) **लोटा _________ को बहुत ज्यादा प्यारा था।**

(क) बाबर

**(ख) सम्राट अकबर**

(ग) हुमायूँ
(घ) बिलवासी

**18) अंग्रेज ने लोटे को कितने रुपये में खरीदा?**

(क) ढाई सौ
(ख) साढ़े तीन सौ
(ग) साढ़े चार सौ
**(घ) पाँच सौ**

**19) किसने अपने ही पत्नी के संदूक से रुपए चुराए थे?**

(क) लाला झाऊलाल
**(ख) बिलवासी जी**
(ग) अंग्रेज
(घ) इनमें से कोई नही

**20) 'दुम' शब्द का सही अर्थ ____________ है ।**

(क) मूंछ
(ख) दम
**(ग) पूंछ**
(घ) इनमें से कोई नही

**21) वह पानी का पात्रा अकबर को किससे पास से मिला था?**

(क) शेरशाह से
**(ख) ब्राहमण के पास से**
(ग) कुएं के पास से
(घ) हुमायूँ से

THE VTER SC

**22) अन्नपूर्णानन्द वर्मा का जन्म कब हुआ था ?**

(क) 16 सितंबर 1895

(ख) 19 सितंबर 1895

**(ग) 21 सितंबर 1895**

(घ) 25 सितंबर 1895

**23) अन्नपूर्णानन्द वर्मा की मृत्यु कब हुई थी ?**

**(क) 04 दिसंबर 1962**

(ख) 04 दिसंबर 1963

(ग) 04 दिसंबर 1966

(घ) 04 दिसंबर 1969

**24) 'ईजाद' शब्द का सही अर्थ _______ है ।**

(क) नमाज

**(ख) खोज**

(ग) आजाद

(घ) इनमें से कोई नही

**25) लोटे ने दाएँ देखा न बाएँ, वह ________ चल पड़ा।**

**(क) नीचे गली की ओर**

(ख) ऊपर की ओर

(ग) नीचे की ओर

(घ) गली की ओर

## शब्दार्थ

a) जी - ______________________

b) तिलमिलाना - ______________________

c) रोब - ____________________

d) वादा - ____________________

e) विपदा - ____________________

f) खुक्ख - ____________________

g) हेंकड़ी - ____________________

h) उधेड़ - बुन - ____________________

i) अदब - ____________________

j) ओझल - ____________________

k) खुराफाती - ____________________

l) ईजाद - ____________________

m) प्रकांड - ____________________

n) शख्स - ____________________

o) निरीह - ____________________

## ANSWERS

a) दिल
b) बेचैन होना
c) बड़प्पन
d) प्रतिज्ञा
e) विपत्ति
f) खाली
g) अक्खड़पन
h) परेशानी
i) मर्यादा
j) गायब
k) शरारत
l) आविष्कार
m) विशाल
n) व्यक्ति , आदमी

o) निर्दोष

## पर्यायवाची शब्द

a) शाम = ____________ , ______________

b) अतिथि = ____________ , ______________

c) कपडा = ____________ , ______________

d) क्रोध = ____________ , ______________

e) धन = ____________ , ______________

f) राजा = ____________ , ______________

## ANSWERS

a) संध्या , सायंकाल , साँझ

b) मेहमान , पाहुन

c) वस्त्र , चीर

d) गुस्सा , रोष

e) अर्थ , वित्त

f) नृप , भूपति

## विलोम शब्द

a) समर्थ X ______________

b) एकता X ______________

c) भारी X ______________

d) ज्ञानी X ______________

e) मधुर X ______________

f) नास्तिक X ______________

## ANSWERS

a) असमर्थ

b) अनेकता

c) हल्का

d) मूर्ख

e) कटु

f) आस्तिक

## मुहावरा

1. **चैन की नींद सोना - (निश्चिंत सोना)**

   कुख्यात चोर के पकड़े जाने पर पुलिस चैन की नींद सोई।

2. **आँखों से खा जाना - (क्रोधित होना)**

   परीक्षा में कम अंक आने पर माँ ने पुत्र को ऐसे देखा मानो आँखों से ही खा जाएगी।

3. **आँख सेंकने के लिए भी न मिलना - (दुर्लभ होना)**

   हस्तकला से बनी वस्तुएँ तो आजकल आँख सेंकने के लिए भी नहीं मिलती हैं।

4. **मारा-मारा फिरना - (ठोकरें खाना)**

   बेटे आलीशान घर में रहते है और बाप बेचारा मारा-मारा फिरता हैं।

5. **डींगे सुनना - (झूठ-मूठ की तारीफ सुनना)**

   लाला जी घर में तो भीगी बिल्ली है परंतु बाहर अपनी बहादुरी की डींगें मारते फ़िरते हैं।

## अतिरिक्त प्रश्न

**प्रश्न 2. निम्नलिखित सवालों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए|**

1) **"लाला ने लोटा ले लिया, बोले कुछ नहीं, अपनी पत्नी का अदब मानते थे।" लाला झाऊलाल को बेढंगा लोटा बिलकुल पसंद नहीं था। फिर भी उन्होंने चुपचाप लोटा ले लिया। आपके विचार से वे चुप क्यों रहे? अपने विचार लिखिए।**

**उत्तर :- लाला झाऊलाल को बेढंगा लोटा बिलकुल पसंद नहीं था। फिर भी उन्होंने चुपचाप लोटा ले लिया क्योंकि वे अपनी पत्नी का अदब मानते थे। दूसरा वे पत्नी के तेज-तर्रार स्वभाव से भी अवगत थे उन्होंने सोचा कि अभी तो लोटे में पानी मिला है यदि चूँ कर दू तो कहीं बाल्टी में भोजन ना करना पड़े।**

**2) लाला झाऊलाल जी ने फौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया।" आपके विचार से लाला झाऊलाल ने कौन-कौन सी बातें समझ ली होंगी?**

**उत्तर :- दो और दो जोडकर स्थिति को समझना - अर्थात् परिस्थिति को भाँप जाना। लोटा गिरने पर गली में मचे शोर को सुनकर आँगन में एकत्र हो गई। एक अंग्रेज को भीगे हुए तथा पैर सहलाते हुए देखकर लाला समझ गए कि स्थिति गंभीर है और लोटा अंग्रेज को लगा है। इस समय उनका चुप रहना ही ठीक है।**

**3) अंग्रेज़ के सामने बिलवासी जी ने झाऊलाल को पहचानने तक से क्यों इनकार कर दिया था? आपके विचार से बिलवासी जी ऐसा अजीब व्यवहार क्यों कर रहे थे? स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर :- अंग्रेज़ के सामने बिलवासीजी ने झाऊलाल को पहचानने से इनकार कर दिया क्योंकि अंग्रेज़ का क्रोध शांत हो जाए और अंग्रेज़ को ज़रा भी संदेह न हो कि वह लाला झाऊलाल का आदमी है। तथा वह अपनी योजना पूरी करना चाहते थे जिससे पैसे की व्यवस्था हो सकें।

4) बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया था? लिखिए।

उत्तर :- बिलवासीजी ने रुपयों का प्रबंध अपने ही घर से अपनी पत्नी के संदूक से चोरी कर किया था।

5) आपके विचार से अंग्रेज ने यह पुराना लोटा क्यों खरीद लिया? आपस में चर्चा करके वास्तविक कारण की खोज कीजिए और लिखिए।

उत्तर :- अंग्रेज़ को पुरानी ऐतिहासिक चीज़ें इकट्ठा करने का शौक था। ऐसा इसलिए कह सकते है क्योंकि दुकान से पुरानी पीतल की मूर्तियाँ खरीद रहा था। अंग्रेज़ ने बिलवासी के कहने पर लोटा, अकबरी लोटा समझकर 500 रूपए में खरीदा।

6) “इस भेद को मेरे सिवाए मेरा ईश्वर ही जानता है। आप उसी से पूछ लीजिए। मैं नहीं बताऊँगा।”
बिलवासी जी ने यह बात किससे और क्यों कही? लिखिए।

उत्तर :- ‘बिलवासी’ जी ने यह बात ‘लाला झाऊलाल’ से कही क्योंकि

बिलवासीजी ने रुपयों का प्रबंध अपने ही घर से अपनी पत्नी के संदूक से चोरी कर किया था इस रहस्य को वह 'झाऊलाल' के सामने खोलना नहीं चाहते थे।

7) "उस दिन रात्रि में बिलवासी जी को देर तक नींद नहीं आई।"
समस्या झाऊलाल की थी और नींद बिलवासी की उड़ी तो क्यों? लिखिए।

उत्तर :- झाऊलाल के लिए बिलवासीजी ने अपनी पत्नी के संदूक से पैसे चोरी किए थे अब वे अपनी पत्नी के सोने की प्रतीक्षा में थे ताकि वह पैसे चुप-चाप संदूक में रख दे। इसलिए समस्या झाऊलाल की थी और नींद बिलवासी की उडी थी।

8) लेकिन मुझे इसी जिंदगी में चाहिए।"
"अजी इसी सप्ताह में ले लेना।"
"सप्ताह से आपका तात्पर्य सात दिन से है या सात वर्ष से?"
झाऊलाल और उनकी पत्नी के बीच की इस बातचीत से क्या पता चलता है लिखिए।

उत्तर :- झाऊलाल और उनकी पत्नी के बीच की इस बातचीत से निम्न बातें उजागर होती हैं -

THE VI

1. झाऊलाल की पत्नी को अपने पति झाऊलाल के वादे पर भरोसा नहीं था।
2. उनकी पत्नी ने पहले भी कुछ माँगा होगा परन्तु उन्होंने हाँ करने के बाद भी लाकर नहीं दिया होगा।
3. झाऊलाल कंजूस प्रवृत्ति के हैं।

9) क्या होता यदि
अंग्रेज़ लोटा न खरीदता?

उत्तर :- यदि अंग्रेज़ लोटा नहीं खरीदता तो बिलवासी जी को अपनी पत्नी से चुराए हुए रूपए लाला झाऊलाल को देने पड़ते। अन्यथा झाऊलाल अपनी पत्नी को पैसे नहीं दे पाते और अपनी पत्नी के सामने बेइज्जत होते।

10) क्या होता यदि
यदि अंग्रेज़ पुलिस को बुला लेता?

उत्तर :- यदि अंग्रेज़ पुलिस को बुला लेता तो सम्भवत: लाला झाऊलाल को गिरफ्तार कर लिया जाता या उन्हें जुर्माना देना पड़ता।

11) क्या होता यदि
जब बिलवासी अपनी पत्नी के गले से चाबी निकाल रहे थे, तभी उनकी पत्नी जाग जाती?

उत्तर :- गले से चाबी निकालते समय यदि बिलवासी जी की पत्नी जग जाती तो चोरी जैसा घिनौना काम करने पर उन्हें अपनी पत्नी के समक्ष शर्मिंदा होना पड़ता।

12) बिलवासी जी ने जिस तरीके से रुपयों का प्रबंध किया, वह सही था या गलत?

उत्तर :- बिलवासी जी ने जिस तरीके से रुपयों का प्रबंध किया, वह गलत था। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए किसी को उल्लू नहीं बनाना चाहिए।